**प्रेस नोट संख्या- 14**

**दिनांक 10.08.2025**

**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**

**थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद ।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 10.08.2025 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 236/25 धारा 109, 118(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्ता नाजनी बानो पत्नी मो0 अंसार निवासी मैगलगंज मजरे कचनांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि उसके पति ने उससे यह झूठ बोल कर शादी की थी कि उसकी कोई शादी नहीं हुई है, किन्तु जब वह घर आयी तो अंसार की पहली पत्नी को देखा जिससे दोनों में विवाद होने लगा। अंसार अपनी पहली पत्नी को छोड़ने की बात कह रहा था किन्तु छोड़ नहीं रहा था । इसी बात को लेकर दिनांक 09.08.2025 की रात्रि में उसका उसके पति से विवाद बढ़ गया और उसने चाकू से अपने पति अंसार पर वार करके घायल कर दिया और उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया था।

थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के दौरान घटना स्थल से घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद किया गया है तथा गिरफ्तारी के संबन्ध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पता–**

- नाजनी बानो पत्नी मो0 अंसार निवासी मैगलगंज मजरे कचनांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र 23 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग -**

- मु0अ0सं0 236/25 धारा 109, 118(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री राघवेन्द्र प्रताप यादव प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 चन्द्र भूषण सिंह यादव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
3. का0 नीरज कुमार थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
4. म0का0 प्रमिला थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।